# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**27 February 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

# Q. हाल ही में राजस्थान में 'गांव ग्वाला योजना की शुरुआत किस जिले से की गई है?

(A) कोटा

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में इन दिनों 'गांव ग्वाला योजना' चर्चा का विषय बनी हुई है. इस योजना का उद्देश्य गांवों में पारंपरिक गोचारण व्यवस्था को फिर से सक्रिय करना और गौसंरक्षण को बढ़ावा देना है.
- योजना की शुरुआत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की चेचट तहसील के खेड़ली गांव से की. कार्यक्रम के दौरान 14 गांवों में एक-एक ग्वाला नियुक्त किया गया.
- योजना के तहत नियुक्त ग्वालों की जिम्मेदारी होगी कि वे गांव की गायों को सुबह सामूहिक रूप से गोचर भूमि तक चराने ले जाएं और शाम को सुरक्षित घरों तक वापस पहुंचाएं
- सरकार ने मानक तय किया है कि 70 गायों पर एक गांव ग्वाला नियुक्त किया जाएगा. यदि संख्या बढ़ती है तो दो या तीन ग्वाले भी लगाए जा सकते हैं. प्रत्येक ग्वाले को 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा.

**Yesterday Revision**

01. राजस्थान में देश का पहला जिंक पार्क बनने जा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक और त्रिपुरा ग्रुप ने इसके लिए रणनीतिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह पार्क भीलवाड़ा जिले के खानखला में स्थापित होगा।

02. द्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने बताया औद्योगिक विकास को नई गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 लाई जाएगी।

03. विविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 26 से 28 फरवरी 2026 तक मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

04. राजस्थान सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव से पहले बड़ा नीतिगत बदलाव करते हुए दो से ज्यादा संतान वाले व्यक्तियों को भी पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव लड़ने की अनुमति देने का फैसला किया है।

05. राजस्थान में 'प्लग एंड प्ले मिनी टेक्सटाइल पार्क' कोटा में विकसित किया जाएगा

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राज्य सरकार द्वारा राजस्थान आयुर्वेद, योग एण्ड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी, अजमेर विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

(B) प्रदेश में केवल जयपुर में ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय संचालित है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में भारतीय चिकित्सा पद्धति की अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए दि राजस्थान आयुर्वेद, योग एण्ड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी, अजमेर विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- इससे केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राज्य सरकार की आयुष नीति के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा।
- एक और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना से आयुर्वेद, योग और नेचुरोपैथी, यूनानी, होम्योपैथी आदि के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।
- साथ ही, प्रदेश के आयुष क्षेत्र में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केवल जोधपुर में ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय संचालित है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) जयपुर के कवि और लेखक डॉ. जयेश नारायण भानु को बांग्लादेश में मातृ भाषा रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया।

(2) अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस. 21 फरवरी. अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का विचार बांग्लादेश की पहल थी।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- जयपुर के कवि और लेखक डॉ. जयेश नारायण भानु को नेपाल की साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा सम्मान फाउंडेशन की ओर से मातृ भाषा रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया।
- नेपाल की साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा सम्मान फाउंडेशन की ओर से मातृ भाषा रत्न उपाधि से सम्मानित।
- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस. 21 फरवरी. अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का विचार बांग्लादेश की पहल थी। इसे 1999 में यूनेस्को महासभा सम्मेलन में अनुमोदित किया गया

03 राजस्थान में बृज होली महोत्सव का आयोजन डीग , कामां व भरतपुर में कब किया जाएगा ?

(A) 3-7 से मार्च 2026

(B) 26 से 28 फ़रवरी 2026

(C) 1 से 4 मार्च 2026

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में बृज होली महोत्सव  का आयोजन - 26 से 28 फ़रवरी 2026 तक किया जाएगा
- आयोजन स्थल - डीग , कामां व भरतपुर
- 26 फरवरी को डीग में सुबह 10 बजे मेला मैदान पर ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं से महोत्सव की शुरुआत होगी।
- 27 फरवरी को कामां में सुबह 7:15 बजे लाल दरवाजा पर गणेश पूजन से कार्यक्रम शुरू होगा।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीनेशन कैंपेन को राजस्थान के अजमेर से हरी झंडी दिखाएंगे

(2) HPV इन्फेक्शन से ज्यादातर भारतीय महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर होता है,

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को सर्वाइकल कैंसर फैलाने वाले ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (HPV) के खिलाफ पूरे देश में खास वैक्सीनेशन कैंपेन को राजस्थान के अजमेर से हरी झंडी दिखाएंगे।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को दिए गए निर्देशों के मुताबिक सभी 14 साल की लड़कियां और अगले 90 दिनों में 15 साल की होने वाली लड़कियां यह शॉट लगवाने के लिए एलिजिबल होंगी।
- लड़कियों को वैक्सीन लगाने का फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि लगातार HPV इन्फेक्शन से ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर होता है, जो भारतीय महिलाओं में कैंसर का दूसरा सबसे आम रूप है।
- इससे हर साल 1.25 लाख महिलाएं प्रभावित होती हैं और 75,000 लोगों की मौत हो जाती है।

05. राजस्थान सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान कितने प्रतिशत बढ़ाया है?

(A) 15 प्रतिशत

(B) 25 प्रतिशत

(C) 10 प्रतिशत

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने गौवंश के लिए अनुदान 25 प्रतिशत बढ़ाया है। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने 26 फरवरी को विधानसभा में यह जानकारी दी।
- राज्य सरकार गौशालाओं एवं नन्दीशालाओं को नियमित रूप से अनुदान उपलब्ध करा रही है तथा उसने अनुदान राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि की है।
- गौशालाओं को नौ एवं नन्दीशालाओं को 12 माह का अनुदान दिया जा रहा है तथा दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित गौवंश पशुओं के लिए 12 माह सहायता राशि दी जा रही है
- फिलहाल बड़े गौवंश पशुओं के लिए 50 रुपये तथा छोटे गौवंश मवेशियों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन सहायता दी जा रही है।

## राजस्थान में 9 यूनेस्को धरोहर स्थल




### किले

- जैसलमेर किला
- चित्तौड़गढ़ किला
- आमेर किला
- रणथंभौर किला
- कुम्भलगढ किला
- गागरोन किला

### संरक्षित साइटें

- जयपुर की चारदीवारी






### वेधशाला स्थल

- जंतर मंतर, जयपुर



### राष्ट्रीय उद्यान

- केवला देव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर



स्रोत :- आर्थिक समीक्षा 2025-26

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

# Sujas QUIZ

जयपुर, रविवार, 22 फरवरी, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-6

1. **मसाला** उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य बजट 2026-27 में किस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की घोषणा की गई है ?
(A) मसाला मेला 2026
(B) कॉन्क्लेव ऑन स्पाइसेज
(C) ग्लोबल एग्री समिट
(D) राजस्थान स्पाइस एक्सपो

2. **निर्यात** प्रक्रियाओं को सरल बनाने और वैश्विक व्यापार में स्थिति मजबूत करने के लिए कौन सी नई नीति लाई गई है ?
(A) राजस्थान निर्यात नीति-2022
(B) राजस्थान औद्योगिक नीति-2024
(C) राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024
(D) सुगम निर्यात योजना-2025

3. **राज्य** बजट 2026-27 में कृषि जिन्सों के निर्यात और प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने के लिए कितने कृषकों, प्रोसेसर्स और व्यापारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ?
(A) 1,000
(B) 2,000
(C) 5,000
(D) 10,000

4. **स्वास्थ्य** सेवाओं के विस्तार के तहत जयपुर के किस अस्पताल में 500 बेड क्षमता के आईपीडी टावर का निर्माण किया जाएगा?
(A) एसएमएस अस्पताल
(B) जे.के. लोन अस्पताल
(C) महिला चिकित्सालय
(D) कांवटिया अस्पताल

5. **राज्य** बजट 2026-27 के अनुसार पर्यावरण संरक्षण के लिए 'ग्रीन बजट' के तहत कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ?
(A) 25,500 करोड़ रुपये
(B) 30,000 करोड़ रुपये
(C) 33,476 करोड़ रुपये
(D) 40,000 करोड़ रुपये

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में 'प्लग एंड प्ले मिनी टेक्सटाइल पार्क' कहाँ विकसित किया जाएगा?**

(A) कोटा

(B) भीलवाड़ा

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine